**2 0 2 1**

( Held in 2022 )

## HINDI

Paper : HIN–RE–5016

**( लोक-साहित्य )**

( Regular Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'लोक' शब्द का अर्थ क्या है?

(ख) 'रासलीला' की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ग) व्रतगीत का शाब्दिक अर्थ बताइए।

(घ) 'सोहर' संस्कार गीत कब गाया जाता है?

(ङ) लोकगीत 'चैता' के नामकरण के पीछे कौन-सी बात निहित है?

(च) विष्णु शर्मा द्वारा संस्कृत में विरचित प्रसिद्ध लोककथा-संग्रह का नाम क्या है?

(छ) 'बारहमासा' में मूल रूप से किस बात की अभिव्यक्ति पायी जाती है?

(ज) दक्षिण भारत के किसी एक लोकनाट्य का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) 'कजली' भारत के किस राज्य में प्रचलित लोकगीत है?

(ञ) 'लोक' संस्कृत की किस धातु से व्युत्पन्न शब्द है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) लोक-संस्कृति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ख) अंधविश्वास किसे कहते हैं?

(ग) संस्कार-संबंधी गीतों में से किन्हीं दो (सोहर से भिन्न) के नाम लिखिए।

(घ) परिकथा क्या है?

(ङ) कथा-रूढ़ियाँ किन्हें कहते हैं?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) रामलीला के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) लोककथाओं के किन्हीं दो स्रोतों पर चर्चा कीजिए।

(ग) यक्षगान के स्वरूप पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) रासलीला की लोकप्रियता के क्या-क्या कारण हैं?





(ङ) ऋतुगीत का परिचय दीजिए।

(च) लोक-साहित्य का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'लोक-साहित्य के अध्ययन की समस्याएँ' विषय पर एक लेख लिखिए।

(ख) साहित्य और लोक के अंतर्संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोककथा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) लोककथा के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) व्रत-संबंधी गीतों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(च) लोकगीतों के प्रमुख प्रकारों का परिचय दीजिए।

(छ) "हिन्दी लोकनाट्य की परंपरा अतीव समृद्ध है।" प्रस्तुत कथन की उपयुक्तता पर विचार कीजिए।

(ज) हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोकनाट्य के प्रभाव पर प्रकाश डालिए।

★★★